हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 10 मई 2024

[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]

तापमान

अधिकतम 39.0 डिग्री

न्यूनतम 27.0 डिग्री

06 ग्रामीणों के साथ बच्चे पवित्र स्थल से मिट्टी लेकर पहुंचे और मड़वा पंडाल गड़कर किया दस्तूर शुरू



06 निर्माणाधीन सड़क पर लग रहा घंटों जाम



## खबर संक्षेप

### सर्वहितकारिणी स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट





**पलारी।** सर्वहितकारिणी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुकदा में कक्षा 12 वीं के संजय मिरी ने 89 प्रतिशत प्राप्त कर शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 10वीं के साहिल खंडेलवाल ने 92.66 प्रतिशत प्राप्त कर शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार कक्षा 12वीं के अनुराग तेहरवशं ने 85.6 प्रतिशत तथा नीतू कन्नौजे ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कक्षा 10 वीं में तृप्ति पटेल ने 90.6 प्रतिशत तथा कुलेश्वरी साहू ने 87 प्रतिशत, प्रीति ने 86.5 प्रतिशत, सिमरन साहू 85.33 प्रतिशत, पुष्पेन्द्र साहू 84.83 प्रतिशत, मुस्कान साहू 84 प्रतिशत तथा नोमेश चन्द्राकार ने 82.66 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। इस वर्ष भी शाला का परिणाम शत प्रतिशत रहा।

### युवक के साथ मारपीट

**महासमुंद।** पुरानी रंजिश को लेकर बलौदा थाना अंतर्गत ग्राम मुंडपहार के युवक के साथ मारपीट की घटना हुई है। बलौदा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर मामले की जांच विवेचना शुरू कर दी है। बलौदा पुलिस ने बताया कि प्रार्थी मुंडपहार निवासी विकास कुमार साहू पिता विद्याचरण साहू ने रिपोर्ट लिखाई है कि कल 8 मई को मैं सेमलिया सोसायटी में दूध बेचने के लिए गया था, जहां से मुझे आरोपी खिरसिंधु बारिक पिता ताराचंद बारिक आया और घसीटकर ग्राम मुंडपहार ले आया और पुरानी रंजिश को लेकर बेल्ट और रॉड से मारपीट करने लगा। इस मारपीट से मेरे हाथ, पैर, पीठ, चेहरे पर चोट लगी है। साथ ही आरोपी ने धमकी देते हुए कहा कि मेरे (प्रार्थी) पिता विद्याधर साहू और बड़े भाई प्रकाश साहू को भी मारने की धमकी दी। रिपोर्ट पर बलौदा थाने में आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### सट्टा संचालित कर रहे युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने आईपीएल मैच के दौरान सट्टा का संचालन कर रहे एक युवक पर कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि आरोपी महेंद्र दुबे पिता राजू दुबे (35) निवासी वार्ड 03 स्टेशन चौक बागबाहरा द्वारा चाय ठेला में लोगों को टीवी में आईपीएल क्रिकेट मैच दिखाकर पैसों का दांव लगवाकर सट्टा नामक जुआ संचालित कर रहा था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी के कब्जे से नगद 5000 रुपए, एक टीवी, एक मोबाइल जब्त किया गया है।

# जिले में छात्रों से आगे निकलीं छात्राएं, पांच टाप पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा गुरुवार को घोषित हायर सेकंडरी एवं हाई स्कूल परीक्षा परिणाम के अनुसार बलौदाबाजार जिले की छात्राओं ने अपना दबदबा बनाया। जिले की पांच छात्राएं हायर सेकण्डरी की परीक्षा में प्रावीण्य सूची में स्थान हासिल कर अपने परिवार व शाला के साथ–साथ नगर व जिला का प्रदेशभर में नाम रोशन किया है। वहीं हाई स्कूल की बोर्ड परीक्षा के घोषित परीक्षा परिणाम में आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय कसडोल इंग्लिश मिडियम में अध्ययनरत छात्र निधि पिता विक्रमचंद साहू ने 600 अंक में से 588 अंक अर्जित कर प्रावीण्य सूची में पांचवा स्थान प्राप्त करने में सफल रही। यह पहला अवसर है कि बलौदाबाजार जिले से कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में पांच छात्राओं तथा कक्षा 10वीं की हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में एक छात्रा ने प्रावीण्य सूची में स्थान हासिल करते हुए प्रदेश में बलौदाबाजार जिले का नाम रोशन किया है। वहीं प्रावीण्य सूची में किसी भी छात्र को स्थान नहीं मिल पाया है।

## हाई और हायर सेकंडरी बोर्ड परीक्षा परिणाम में लहराया परचम




### कोपल ने 500 में 485 अंक प्राप्त किया

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कसडोल की छात्रा कोपल पिता कुनाल अम्बष्ट ने 500 अंक में से 485 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल करहीबाजार की छात्रा प्रीति पिता मतलवाली ने 500 अंक में से 484 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान, गुरुकुल इंग्लिश मिडियम हायर सेकण्डरी विद्यालय बलौदाबाजार की छात्रा डाली पिता लखन लाल पटेल ने 500 अंक में से 479 अंक प्राप्त कर छठवां स्थान, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय भाटापारा की छात्रा अदिति पिता विमल साहू ने 500 अंक में से 479 अंक प्राप्त कर छठवां स्थान प्राप्त किया है।

### •घर में पढ़ाई कर बनी टापर



**बलौदाबाजार।** कसडोल ब्लॉक के आत्मानंद विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 12वीं गणित संकाय की छात्रा कोपल अम्बष्ट ने जारी परीक्षा परिणाम में 97 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिले को गौरनवित किया है। कोपल की सफलता पर परिजनों सहित शाला परिवार एवं शुभचिंतकों में खुशी व्याप्त है। कोपल ने सफलता का श्रेय अपने माता–पिता तथा गुरुजनों को देते हुए बताया कि वह साल भर प्रतिदिन घर पर ही 8 से 10 घंटे तक नियमित पढ़ाई किया करती थी। भविष्य में आईएएस बनने तथा देश की सेवा करने का लक्ष्य लेकर इसी तरह अध्ययन जारी रखने की बात उन्होंने कही। गौरतलब है कि कोपल के पिता कुणाल अम्बष्ट एक निजी फर्म में सेल्समैन के रूप में कार्यरत है, जबकि उनकी माता पूजा अम्बष्ट आत्मानंद विद्यालय कसडोल में ही शिक्षिका के रूप में पदस्थ है।

### तीन-चार पुलिसकर्मियों के अलावा कुछ अन्य अधिकारी-कर्मचारी सिविल वर्दी में पहुंचे

# ईओडब्ल्यू की टीम पहुंची सहायक उपनिरीक्षक चन्द्रभूषण वर्मा के पैतृक घर और की जांच पड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार-सुहेला

महादेव ऐप ऑनलाइन सट्टा मामले में ईओडब्लू की टीम के आठ–दस सदस्य गुरुवार को एक वाहन में अचानक बलौदाबाजार जिले के ग्राम सुहेला पहुंचे। इस मामले में आरोपी बनाये गये सहायक उपनिरीक्षक चन्द्रभूषण वर्मा के पैतृक घर पर दबिश देकर जांच पड़ताल शुरु की गई।

ईओडब्लू की टीम के ग्राम सुहेला आने तथा आरोपी उपनिरीक्षक के घर पहुंचने की जानकारी लगते ही कुछ मीडिया कर्मी तुरंत वहां पहुंचे और अधिकारियों से चर्चा करने का प्रयास किया गया, किन्तु टीम में शामिल सभी सदस्यों द्वारा न केवल बातचीत करने से इंकार कर दिया गया वरन आरोपी परिवार के घर में प्रवेश करने व फोटो खींचने से मना करते रहे। ईओडब्लु की टीम के सुहेला पहुंचने के बारे में पुलिस थाना सुहेला से जानकारी मांगने पर हरिभूमि प्रतिनिधि को बताया गया कि उन्हें इस प्रकार की कोई जानकारी नहीं मिली है।

मीडिया कर्मी मामले की जानकारी लगातार लेने वहां लम्बे समय तक डटे रहे। इस दौरान पता चला कि ईनोवा वाहन क्रमांक सीजी 10 ईपी 5544 में सवार होकर वर्दी पहने तीन–चार पुलिसकर्मियों के अलावा कुछ अन्य अधिकारी-कर्मचारी सिविल वर्दी में महादेव ऐप ऑनलाइन सट्टा के मामले में आरोपी सहायक उपनिरीक्षक चन्द्रभूषण वर्मा के घर पहुंचकर उनके परिजनों से पूछताछ करते हुए साक्ष्य जुटाने का प्रयास करते रहे।





### आभूषणों की सूची बनाकर कर ले गई टीम

आरोपी चन्द्रभूषण वर्मा के चाचा ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि ईवोडब्ल्यू की टीम गुरुवार को सुबह 8.30 बजे सुहेला पहुंची थी तथा शाम 6 बजे तक आरोपी के घर तथा रिश्तेदार के घर जाकर जानकारी एकत्रित की गई। टीम के सदस्यों ने जमीन के कागजात तथा घर में मिले सोने-चांदी के आभूषणों की सूची तैयार कर अपने साथ ले गई है।

# बच्चे से अप्राकृतिक कृत्य करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छह साल के मासुम बच्चे का रस्सी से हाथ-पैर बांध कर मारपीट के बाद उसके साथ अप्राकृतिक कृत्य करने वाले आरोपी को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया है। पुलिस अलग-अलग धारा और पाक्सो एक्ट कायम कर जांच में जुटी है। आरोपी चिखली थाना आरंग जिला रायपुर का रहने वाला है।



पुलिस ने बताया कि 7 मई को प्रार्थी थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसका पुत्र जो घर के बाहर खेल रहा था, अचानक खेलते खेलते बिना बताये कही चला गया, जो अब तक वापस नहीं आया है। पीड़ित की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी द्वारा अपहरण कर ले जाने की अंदेशा के तहत धारा 363 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

पता तलाश दौरान सूचना मिला की एक अज्ञात व्यक्ति तिल्दा (कारी) खार में बालक का हाथ पैर बांधकर रखा है। सूचना पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची और बालक के साथ होने वाले गंभीर घटना को रोकते हुए आरोपी एवं बालक को थाना लाया गया। आरोपी सेवक राम ध्रुव के कब्जे से 7 मई को बालक को बरामद किया गया। पीड़ित बालक का न्यायालय में बयान दर्ज कराया गया। पीड़ित बालक एवं गवाहों के कथन के आधार पर प्रकरण में धारा 365, 377, 294, 506, 323, 342 भादवि 8 पाक्सो जोड़ा गया है। आरोपी सेवकराम पिता दाल सिंह ध्रुव 45 वर्ष साकिन चिखली थाना आरंग जिला रायपुर 8 मई को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड जेल भेजा गया है।

# अक्षय तृतीया आज, होंगे शुभ कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

आज शुक्रवार 10 मई को अक्षय तृतीया वैशाख शुक्ल पक्ष तृतीया तिथि में शुभ कार्य सम्पन्न किए जाएंगे। अक्षय तृतीया अर्थात अक्षय शब्द का अर्थ होता है जिसका कभी क्षय न हो या जिसका कभी नाश न हो। माना जाता है कि आज के दिन यदि व्यक्ति दान–पूण्य, स्नान, यज्ञ, जप आदि जैसे शुभ कर्म करें तो इससे मिलने वाले शुभ फलों की कमी क्षय अर्थात कमी नहीं होती और विशेष कर इस दिन सोने-चांदी, नई गाड़ी की खरीदारी के लिए उत्तम माना गया है। विवाह मुहूर्त में जितने भी माह में मुहूर्त होते हैं उसमें से सबसे ज्यादा श्रेष्ठ विवाह के लिए अक्षय तृतीया को माना जाता है। इस वर्ष मई माह में विवाह मुहूर्त सिर्फ देवलग्न अक्षय तृतीया में होने से बहुत सारी शादी ब्याह के कार्य हो रहे हैं। यह मुहूर्त अपने आप में ही सिद्ध मुहूर्त है। ▶▶ शेष पेज 05 पर

### अक्षय तृतीया पूजन विधि

सुबह स्नानादि से शुद्ध होकर पीले वस्त्र धारण करे, फिर भगवान विष्णु की विधिवत पूजन करें जैसे गंगाजल, दूध, पंचामृत स्नान कराकर तुलसी, पीला पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य, केला अर्पित कर विष्णु सहस्त्रनाम, विष्णु चालीसा का पाठ करें।इस दिन दान पुण्य करने से जीवन में आ रहे संकट दूर होते हैं। इसके लिए जल से भरा घड़ा, शक्कर, धार्मिक पुस्तक बर्फी, सफेद वस्त्र, गुड़, नमक, घी, साग बर्तन, पंखे, खड़ाऊं, खरबूजा, शरबत, चांदी, चावल का दान करना बेहद शुभ माना जाता है।

### लड़ाई छुड़ाने गए शख्स के साथ दो लड़कियों ने की मारपीट

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली अंतर्गत वार्ड 10 में लड़कियों के बीच हो रही लड़ाई को छुड़ाने गए व्यक्ति के साथ दो लड़कियों ने मारपीट की। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है।

प्रार्थी जहीर खान पिता स्व. नूर मोहम्मद खान निवासी वार्ड 10, रेलवे फाटक फर्शी गली ने पुलिस को बताया कि 8 मई की शाम करीब 6.30 बजे गोल बाजार सब्जी मार्केट अपनी मोटर सायकल से घर के लिये सब्जी लेने गया था। शाम 7.00 बजे मैं वापस घर पहुंचा तो देखा कि सार्वजनिक नल में पानी भरने की बात को लेकर मेरी लड़की सफीना खान तथा सामिया खान के साथ मेरे मोहल्ले की साईना खान और जूही खान हाथ मुक्का से मारपीट कर रहे थे, तब मै अपनी लड़कियों को छुड़वाने गया। इस पर आरोपी तब साईना खान और जूही खान मुझे लड़कियों की लड़ाई छुड़वाने आता है कहकर मुझे पकड़ कर वहां पड़े पत्थर से मारने लगे। आरोपियों के मारपीट करने से मेरी छोटी लड़की सफीना खान को छाती, पीठ एवं दाहिना हाथ में चोटें आई है तथा मेरी बड़ी लड़की सामिया खान की पीठ में और मुझे बायें हाथ में चोट आई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### ट्रेलर की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त

**महासमुंद।** पटेवा थाना अंतर्गत नेशनल हाईवे में रायतुम चौक टुरीडीह के पास ट्रेलर ने कार को टक्कर मार दी। प्रार्थी लकेश्वर पिता दर्शनलाल साहू (58) निवासी गोबरा कुरूद जिला धमतरी ने पुलिस को बताया कि ट्रेलर क्रमांक आरजे 47 जीए 5971 के चालक ने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उसकी कार क्रमांक सीजी 05 एक्यू 8074 को टक्कर मार दिया।

पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

### आरोपी को रायपुर से किया गया गिरफ्तार, ठगी के पैसों से करोड़ों की जमीन और गाड़ियां खरीदी

# ठग का साथी संजय गिरफ्तार, 3 फोन और एक कार जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसींवा

रायकोना के शिवा साहू और उसके साथियों के खिलाफ 2 माह पहले दर्ज मामले पर खबर लगने के बाद एक और गिरफ्तारी हुई है, जबकि मुख्य सरगना अब भी फरार है। आम जनता के बीच उक्त मामले में पुलिस विभाग की कार्यशैली को लेकर तरह–तरह की आशंकाएं जताई जा रही थी, जिससे समाचार पत्रों के माध्यम से प्राथमिकता पूर्वक कुछ दिनों पूर्व ही प्रकाशन भी किया गया था, वहीं छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा से भी उक्त संदर्भ में प्रश्न किया गया था, जहां विजय शर्मा ने मीडिया के सामने ठगी के आरोपियों को पाताल से भी ढूंढ निकालने की बात कही थी। समाचार पत्रों में खबर प्रकाशन के बाद एक बार फिर पुलिस एक्टिव मोड में दिखी। पुलिस विभाग ने आगे कार्रवाई करते हुए शिवा के सबसे करीबी साथी और सरसींवा के एजेंट संजय साहू को गिरफ्तार करने में कामयाब रही।

थाना सरसींवा से प्राप्त जानकारी अनुसार गत दिनों सरसींवा भाटापारा निवासी संजय साहू के भाई को थाना सरसींवा में पूछताछ के लिए तलब किया गया था, जहां ठोस जानकारी मिलने पर रायपुर से संजय साहू को गिरफ्तार करने में सरसींवा पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल की। पुलिस विभाग द्वारा संजय के साथ शिवा द्वारा संजय को दिए वाहनों के साथ तीन महंगे फोन जिसमें दो आईफोन और एक एमआई भी जब्त किया है और संजय साहू से पूछताछ करने पश्चात उसे न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

### अन्य आरोपियों की भी खोजबीन जारी

वहीं पुलिस महाठग शिवा एवं फरार साथियों के खोजबीन में फिर से जुटी है। इस विषय में सरसींवा थाना प्रभारी टीकाराम खटकर ने बताया की धोखाधड़ी के फरार आरोपी शिवा के एक और साथी संजय साहू की गिरफ्तारी रायपुर से हुई है, जिससे पूछताछ करने पश्चात उसे न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया है। आगे विवेचना कार्रवाई अभी जारी है। पुलिस विभाग उक्त मामले को लेकर गंभीर है। शिवा और मामले में संलिप्त अन्य आरोपियों की भी खोजबीन जारी है, वे भी जल्द पुलिस हिरासत में होंगे।



### संजय के नाम पर भी करोड़ों की संपत्ति खरीदने की जानकारी

ज्ञात हो कि शिवा का सबसे पुराना और करीबी साथी व एजेंट संजय साहू महज एक छोटा सा एसएस शू के नाम से जूते चप्पल का व्यवसाय चलाता था। वहीं शिवा की तरह ही घूमने फिरने और दिखावे का शौकीन था, जहां संजय के पिता फल बेचने का कार्य करते और घर की आजीविका चलाते थे। अभी कुछ समय पहले जब संजय ने अपने साथी शिवा का हाथ थामा तो एकाएक संजय के जीवन ने भी नया मोड़ ले लिया और वह भी शिवा की तरह एक विलासिता पूर्ण जीवन जीने लगा और दौलत की चकाचौंध में खो गया। महंगे फोन और महंगी गाड़ियों का शौकिन संजय भी शिवा की तरह शिवा के साथ सोशल मीडिया में दौलत के दिखावे भरे वीडियो डालने लगा और सरसींवा क्षेत्र में शिवा के एजेंट के रूप में पैसा डबल करने के नाम पर लोगों से पैसा लेने लगा। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार शिवा ने अपने साथी संजय के नाम पर भी सरसींवा भाटापारा, सारंगढ, परसदा सहित विभिन्न स्थानों पर करोड़ों की जमीन और गाड़ियां खरीदी थी। पुलिस संजय की गिरफ्तारी पश्चात आगे की विवेचना कर रही है।

NEET एवं JEE एक जूनून है और GOAL इसकी शुरुआत!

GOAL Educational Services Pvt. Ltd. Nation's Leading Institute

छ.ग. के छात्रों एवं अभिभावकों के बीच सर्वाधिक लोकप्रिय एवं विश्वसनीय संस्थान : GOAL

Congratulations... to all the Students Passed in 10th & 12th Chhattisgarh Board

Best Wishes for Future Journey...

50% छात्रवृत्ति

12th छ.ग. बोर्ड परीक्षा परिणाम में आये प्रथम 10 विद्यार्थियों के लिए।

DROPPER BATCH NEET / JEE & 9th | 10th | 11th | 12th Admission Open...

1st Batch - 17th May / 2nd Batch - 24th May

BHILAI 166, NEW CIVIC CENTRE, PH- 0788-4013502, 7415884100 | BHILAI GOAL GENIUS CAMPUS, RISALI, PH- 0788-4040300, 7772060999 | BHILAI 139, ZONAL MARKET, SECTOR-10, PH- 9826943595 0788-4064100 | RAIPUR BESIDE VIDYA HOSPITAL, SHANKAR NAGAR, PH- 0771-4060711

## खबर संक्षेप



### वन बंधु महिला समिति की बैठक में आगामी कार्यों पर हुई चर्चा

**रायपुर।** राजधानी रायपुर स्थित एकल कार्यालय में बुधवार को वन बंधु परिषद महिला समिति की बैठक हुई। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने अप्रैल माह में किए गए सेवा कार्यों की समीक्षा के साथ ही आगामी कार्यक्रमों की रणनीति तय की गई। इसी दौरान मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि 5 से 7 अप्रैल को कोलकाता में आयोजित युवा सम्मेलन और पूर्वी क्षेत्र की बैठक में कांता सिंघानिया सहित 3 सदस्यों ने भाग लिया था, वही रायपुर महिला समिति ने पूर्वी क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ संक्रांति संग्रह का दूसरा पुरस्कार कोलकत्ता में जीता। श्रीमती राठी ने बताया कि समिति की सदस्यों द्वारा 23 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जहां हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। बैठक में अंजली तापड़िया ने कार्यक्रम की रिपोर्टिंग के तरीके को समझाते हुए नए सदस्यों को पंचमुखी शिक्षा की प्रस्तुति के साथ विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान सरिता रेखानी, अनिता खंडेलवाल, शताब्दी पांडेय, शशि बागड़ी, मीना अग्रवाल, सविता गुप्ता, सुधा शर्मा, डा. रेणुका शर्मा, मधु सिंघी, पूजा छाबड़ा, मधु मित्तल, पुष्पा साहू, आरती अग्रवाल, संध्या गुप्ता, रीता चोपड़ा, कल्पना खंडेलवाल मौजूद रहीं।

### शुरू नहीं हो पाया आक्सीजन प्लांट

**रायपुर।** कोरोना काल के दौरान पीएम केयर से मिले फंड से डीके अस्पताल के लिए लगाए गए लिक्विड आक्सीजन का प्लांट का काम अब तक शुरु नहीं हो पाया है। इस प्लांट की मदद से अस्पताल में भर्ती मरीजों को आवश्यक होने पर आक्सीजन सप्लाई की सुविधा मिल पाती। प्लांट बनाने के बाद इसकी गैस की सप्लाई अस्पताल परिसर तक करने के लिए पाइप लाइन बिछाने का काम भी पूरा किया जा चुका है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार प्लांट की शुरुआत करने के लिए कुछ अनुमति प्रक्रिया पूरी करनी पड़ती है जिसका काम अधूरा पड़ा है जिसकी वजह से प्लांट अभी भी शो-पीस बना हुआ है।

### आचार संहिता के बाद ई-लाइब्रेरी शुरू होने के आसार

**रायपुर।** शासकीय डेंटल कालेज के छात्रों को ई-लाइब्रेरी की सुविधा आचार संहिता के बाद मिलने की संभावना बढ़ गई है। संजीवनी एक्सप्रेस का संचालन करने वाली पुरानी कंपनी से भवन वापस मिलने के बाद अस्पताल प्रबंधन ने इस ओर अपना ध्यान देने शुरु किया था। लाइब्रेरी निर्माण के लिए अस्पताल द्वारा गठित कमेटी द्वारा विभिन्न बढ़े शिक्षण संस्थानों का निरीक्षण किया था। करीब दस करोड़ की लागत से बनने वाले इस लाइब्रेरी का प्रस्ताव शासन स्तर पर भेजा जा चुका था जिस पर किसी तरह का फैसला होने से पहले आचार संहिता लागू हो गया था।

# अंडरग्राउंड बिजली केबलिंग ने बिगाड़ा फायबर नेट का सिस्टम, उपभोक्ताओं की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में अंडरग्राउंड बिजली केबिलंग का काम चल रहा है, जिसके कारण विद्युत खंभों को हटाया जा रहा है। जिन खंभों को हटाया जा रहा है, उनमें विभिन्न कंपनियों के फायबर नेट केबल भी लगे हुए हैं। इन खंभों को हटाने के दौरान फायबर नेट केबलिंग को भी हटाया जा रहा है, जिसके कारण लाखेनगर, पुरानी बस्ती सहित आसपास के इलाकों के 100 से अधिक घरों में लगे जियो फायबर नेट की सेवा ही पिछले सप्ताहभर से ठप है।

हरिभूमि सरोकार

स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने शहर में विद्युत खंभों को हटाकर केबल को अंडरग्राउंड कराने का काम कराया जा रहा है। इसके तहत केबल बिछाने के लिए खुदाई करने का काम नगर निगम को सौंपा गया है, वहीं खुदाई के बाद केबल बिछाने और विद्युत खंभों को हटाने का काम बिजली विभाग कर रहा है। विद्युत खंभों में जियो सहित अन्य कंपनियों के फायबर नेट केबल भी लगे हुए हैं। खंभों को हटाने के दौरान नेट केबल को भी हटाया जा रहा है, जिसके कारण जियो का फायबर नेट केबल क्षतिग्रस्त हो रहा है।

पुरानी बस्ती से लाखेनगर में भी विद्युत खंभों को हटाने का काम चल रहा है। इसके कारण यहां खंभों में लगी जियो के फायबर नेट केबल को काटकर हटा दिया गया, जिसके कारण इस क्षेत्र के लगभग 100 घरों में पिछले सप्ताहभर से जियो फायबर नेट ही बंद पड़ा है, जिसके कारण इसकी सेवा ले रहे उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ी हुई है। नेट नहीं होने के कारण मोबाइल और एलईडी टीवी का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं।

**लाखेनगर-पुरानी बस्ती क्षेत्र के लगभग 100 घरों में जियो फायबर नेट की सेवा ठप**



फाइल फोटो

- खुदाई के बाद केबल बिछाने और विद्युत खंभों को हटाने का काम बिजली विभाग कर रहा
- नेट नहीं होने के कारण मोबाइल और एलईडी टीवी का उपयोग नहीं कर पा रहे

**नगर निगम से की है शिकायत**

अंडरग्राउंड केबलिंग के कारण विद्युत खंभों को हटाया जा रहा है। इसके कारण क्षेत्र में फायबर नेट की समस्या आ रही है। इस संबंध में नगर निगम से शिकायत की गई है।
- **जीतेंद्र अग्रवाल,** पार्षद, महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड

**डीडीनगर में भी 3 दिन से सेवा बंद**

शहर के डीडी नगर क्षेत्र के सेक्टर-1 में पिछले 3 दिन से जियो फायबर नेट की सेवा बंद है, जिसके कारण इस क्षेत्र के रहवासी भी नेट चालू नहीं होने से परेशान है। बताया जा रहा है कि इस क्षेत्र में एक विद्युत खंभे में आग लगी थी। इस खंभे में जियो फायबर नेट की केबल भी लगी हुई है। संभवतः इस आग के कारण ही जियो फायबर केबल जल गई है, जिसके कारण इसकी सेवा भी ठप है।

### शिकायत के बाद भी विभाग ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की

# चिखली खदान में बड़ी चेन माउंटेन मशीनों से दिन-रात किया जा रहा रेत का अवैध उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले के आरंग क्षेत्र स्थित चिखली रेत खदान में रेत माफिया दिन-रात रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन करा रहे हैं। इसके लिए खदान में बड़ी चेन माउंटेन मशीनें लगाकर बहुत कम समय में हाईवा गाड़ियों में रेत की लोडिंग कराकर परिवहन किया जा रहा है। खदान में चल रहे इस अवैध उत्खनन का लाइव वीडियो बनाते हुए छत्तीसगढ़ हाईवा परिवहन संघ ने खनिज विभाग से शिकायत भी की है, लेकिन इस शिकायत के बावजूद खदान में चल रहे अवैध उत्खनन को रोकने के लिए विभाग ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। इसके कारण खदान में रेत माफिया के लोग बेखौफ होकर रेत का उत्खनन व परिवहन कर रहे हैं।

खास खबर

**वीडियो में चेन माउंटेन मशीन से हाइवा में रेत लोडिंग करते लोग भी दिख रहे**

छत्तीसगढ़ हाईवा परिवहन संघ के पदाधिकारियों ने चिखली रेत खदान में चल रहे अवैध रेत का उत्खनन का विडियो बनाया है। इस विडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि कुछ लोग नदी किनारे से चेन माउंटेन मशीन से रेत का उत्खनन कर हाईवा में लोडिंग कर रहे हैं। यह विडियो रात में बनाया गया है। इस विडियो में 5-6 चेन माउंटेन मशीनों के साथ आधा दर्जन से अधिक हाईवा गाड़ियां दिखाई दे रही हैं, जिसमें रेत भरी जा रही है। संघ के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने बताया कि इसकी शिकायत वे खनिज विभाग के अधिकारियों व इंस्पेक्टरों से कर चुके हैं, लेकिन अब तक इसमें कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

***रेत माफिया को संरक्षण प्राप्त :*** *विनोद अग्रवाल ने कहा है कि शिकायत के बाद भी रेत माफिया के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे स्पष्ट है कि रेत माफिया को किसी ऐसे व्यक्ति का संरक्षण प्राप्त है, जिसकी पकड़ विभाग के अधिकारियों तक है, इसलिए शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं की जा रही है।*



**एनओसी के बिना जारी खदान में उत्खनन**

सूत्रों के अनुसार चिखली रेत खदान को सीआ से रायल्टी पर्ची पर उत्खनन करने की एनओसी नहीं मिल पाई है। इसके बाद भी खदान में रेत का उत्खनन व परिवहन किया जा रहा है। एनजीटी की गाइड लाइन के अनुसार एनओसी मिलने के बाद भी खदान में रेत की लोडिंग मजदूरों के जरिए कराया जाना है, लेकिन ठेकेदार चेन माउंटेन मशीन से लोडिंग करा रहे हैं।

**13 में 4 को एनओसी, वहां भी नियम विरुद्ध लोडिंग**

सूत्रों के अनुसार रायपुर जिले में 13 रेत खदानों में अब तक 4 खदानों को ही सीआ से एनओसी मिल पाई है। इनमें कुरुद, हल्दीडीह, पारागांव एवं कुम्हारी में एक-एक खदान है। इन खदानों में भी नियम विरुद्ध तरीके से चेन माउंटेन मशीनों से ही रेत की लोडिंग कराई जा रही है।

**शिकायत मिली है तो कार्रवाई कराएंगे**

चिखली खदान में अवैध रेत उत्खनन-परिवहन किए जाने की शिकायत आई है, तो इस पर कार्रवाई कराएंगे।
- **गौरव सिंह,** कलेक्टर रायपुर

# दो दिन लगातार ड्यूटी, थकान मिटाने कोई पूरे दिन-कोई आधे दिन रहे छुट्टी पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा चुनाव में रायपुर जिले के विधानसभा क्षेत्रों में पोलिंग बूथों पर ड्यूटी करने वाले कई अधिकारी-कर्मचारी ड्यूटी की थकान मिटाने के लिए बुधवार को अवकाश पर रहे, वहीं कई आधे दिन की छुट्टी पर रहे।

जिलेभर से पोलिंग बूथों पर लगभग साढ़े 11 हजार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। इसके साथ अधिकारियों की भी पोलिंग बूथों पर नजर रखने के साथ अन्य चुनाव गतिविधियों की जिम्मेदारी दी गई थी। इस तरह सभी अधिकारी-कर्मचारी 6 मई को सुबह 6 बजे से मतदान सामग्री वितरण व मतदान दलों के पोलिंग बूथों पर रवाना करने के दिन से लेकर दूसरे दिन 7 मई को शाम 6 बजे मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद ईवीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम में जमा करने तक लगातार दो दिन तक ड्यूटी करते रहे। ईवीएम मशीनों को जमा करने का काम स्ट्रांग रूम में देर रात तक चलता रहा। इस कारण कई अधिकारी-कर्मचारी सुबह अपने घर लौट पाए। इसके कारण कई अधिकारी-कर्मचारी पूरी तरह से थक चुके थे। इस थकान को मिटाने के लिए कई अधिकारी-कर्मचारी पूरे दिन, तो कई आधे दिन की छुट्टी लेकर आराम करते रहे। इधर इन अधिकारियों-कर्मचारियों के अवकाश पर रहने के कारण कलेक्टोरेट के विभिन्न विभागों के दफ्तरों से लेकर, तहसील कार्यालय एवं शिक्षा विभाग कार्यालय में सन्नाटा पसरा रहा।

**मिलेगा मानदेय**

चुनाव ड्यूटी में लगे सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी के रूप में मानदेय दिया जाएगा। यह मानदेय पद के अनुसार अधिकारियों-कर्मचारियों को दिया जाएगा। हालांकि विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान कई कर्मचारियों और अधिकारियों को मानदेय अब तक नहीं मिल पाया है। जिन्हें मानदेय नहीं मिला है, ऐसे अधिकारी-कर्मचारी संकोच के कारण जिला प्रशासन के अधिकारियों से मानदेय की मांग भी नहीं कर रहे हैं, जबकि दूसरी ओर अधिकारियों का कहना है कि मानदेय सभी को मिल चुका है। अगर जिन्हें नहीं मिला है, तो वे आकर हमें बताएं, उन्हें भी दिया जाएगा।

# प्रशासनिक प्रक्रिया से बाहर नहीं निकली पैट सीटी मशीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश के बाद कैंसर प्रभावित मरीजों के बीच जांच की सुविधा को लेकर जागी उम्मीद अधूरी प्रशासनिक प्रक्रिया की वजह से पूरी नहीं हो पाई है। इस मशीन की टेस्टिंग के लिए अस्पताल प्रबंधन को प्रशासनिक स्वीकृति मिलने का इंतजार है।

आंबेडकर अस्पताल में वर्ष 2018 में करीब कैंसर के मरीजों की जांच के लिए पैट सीटी मशीन एवं गामा कैमरा खरीदा था। मशीन लगाने के बाद इसका उपयोग शुरु नहीं हो पाया था और मामला विवादों में फंस गया था। कुछ माह पहले नए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मरीज हित को ध्यान में रखते हुए उक्त मशीन को पुनः शुरु करने के निर्देश दिए थे। इससे बाद लोगों को आस जागी थी कि इसका फायदा मिलेगा मगर इसके बाद मामला पुनः प्रशासनिक स्वीकृति पर जाकर अटक गया है। अस्पताल प्रबंधन मशीन को लेकर किसी भी तरह की जांच अथवा अन्य कार्य बिना प्रशासनिक सहमति के शुरु नहीं कर सकता। मशीन की सक्रियता परखने के लिए सबसे पहले उसके जांच संबंधित कंपनी के इंजीनियरों से करानी पड़ेगी। यह काम तभी शुरु हो सकता है जब शासन की ओर से इसके लिए स्वीकृति मिल सके। शासकीय स्तर पर पैट सीटी मशीन के माध्यम से जांच की सुविधा केवल एम्स में है जहां मरीजों को दो से तीन माह तक इंतजार करना पड़ता है। निजी अस्पतालों में इसके लिए मरीजों को दस हजार रुपए तक खर्च करने पड़ते हैं।

- **आंबेडकर अस्पताल प्रबंधन कर रहा स्वीकृति का इंतजार**

# अगले साल टीबी उन्मूलन का लक्ष्य, अस्पतालों में दवा का टोटा, भटक रहे मरीज, केंद्र से नियमित आपूर्ति नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अगले साल तक छत्तीसगढ़ समेत पूरे भारतवर्ष को टीबी मुक्त बनाने के दावे के बीच संक्रमित मरीज दवाओं के लिए भटक रहे हैं। केंद्र से नियमित सप्लाई नहीं होने की वजह से सरकारी अस्पतालों में इसका टोटा है और कई चक्कर लगाने के बाद मरीजों को महीनेभर की दवा नहीं मिल पा रही है। टीबी नियंत्रण के लिए छह महीने तक लगातार दवाओं का सेवन करना आवश्यक है, नहीं तो इसका समाधान होना मुश्किल होता है।

हरिभूमि सरोकार

नियम के अनुसार टीबी संक्रमित मरीजों को घर के समीप स्थित स्वास्थ्य केंद्रों में संबंधित दवा की सुविधा दी जाती है। पिछले तीन महीने से दवा का स्टाक कम होने की वजह से पंजीकृत मरीजों को इसके लिए विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों का चक्कर लगाना पड़ रहा है। सूत्रों के अनुसार टीबी के प्राथमिक लक्षण मिलने के बाद संबंधित मरीज को 3 एफडीसी अथवा 4 एफडीसी नामक दवा निशुल्क दी जाती है। व्यवस्था सामान्य रहने के दौरान पंजीकृत संक्रमित शख्स नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों में शासकीय व्यवस्था के तहत एक से दो महीने की दवा लेकर आता था, मगर अभी स्थिति बदली हुई है। संक्रमितों को विभिन्न अस्पताल के चक्कर लगाने के बाद सप्ताहभर की दवा मिल पा रही है। सूत्रों के अनुसार दवा की सप्लाई केंद्र स्तर पर की जाती है, जो पिछले कुछ समय से नियमित नहीं है। इसकी वजह से स्वास्थ्य केंद्रों में भी इसकी कमी हो चुकी है, जिसका सीधा असर टीबी उन्मूलन के लिए चलाए जाने वाले अभियान पर पड़ने की आशंका से इनकार नहीं किया जा रहा है। दवा की दिक्कत छत्तीसगढ़ के साथ देश के कुछ अन्य राज्यों में भी बनी हुई है।

**नियंत्रण के लिए छह महीने का कोर्स अनिवार्य नहीं तो समाधान नहीं**

**लूज दवाओं का उपयोग**

शासकीय स्तर पर जो दवा उपलब्ध कराई जाती है, वह कई फार्मूला मिलाकर बनाई जाती है। इसकी आपूर्ति नहीं होने की वजह से मरीजों की परेशानी को ध्यान में रखकर अलग-अलग फार्मूले की लूज दवा देकर काम चलाया जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि यह दवा मेडिकल स्टोर्स में नहीं मिलती, जिसकी वजह से परेशानी ज्यादा है। कई बार सभी लूज दवा एक साथ नहीं मिलने की वजह से मरीजों को कई स्वास्थ्य केंद्रों के चक्कर लगाना पड़ जाता है।

**दवा की खेप मिली, जल्द समाधान**

पिछले कुछ समय से टीबी संबंधित दवा की कमी के कारण दिक्कत हो रही थी। इसकी नई खेप आ चुकी है, जिसे जल्दी ही स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से मरीजों को उपलब्ध करा दिया जाएगा।
- **डॉ. अविनाश चतुर्वेदी,** जिला नोडल अफसर, क्षय नियंत्रण कार्यक्रम

**इनकी परेशानी**

*केस-1*
*रायपुरा में रहने वाले परमेश साहू (परिवर्तित नाम) ने बताया कि पिता पिछले चार माह से टीबी की दवा खा रहे हैं। दवा के लिए उसे कई स्वास्थ्य केंद्रों के चक्कर लगाने पड़ते हैं।*

*केस-2*
*आरंग ब्लाक के मरीज रविंद्र (बदला नाम) ने बताया कि पहले स्वास्थ्य केंद्रों में दो महीने की दवा आराम से मिल जाती थी, मगर सप्ताहभर अथवा पंद्रह दिन के डोज के लिए भटकना पड़ता है।*

*केस-3*
*उरकुरा में रहने वाले उत्कर्ष साहू के अनुसार पहले उरला अथवा गुढ़ियारी के स्वास्थ्य केंद्र में दवा मिल जाती थी। इस बार दवा के लिए उसे कालीबाड़ी अस्पताल तक आना पड़ा।*

**राज्य में करीब 20 हजार मरीज**

सूत्रों के अनुसार राज्य में टीबी संक्रमित पंजीकृत मरीजों की संख्या 20 हजार के आसपास है। विभागीय स्तर पर इन्हें उपचार के साथ निक्षय मित्र योजना के तहत छह महीने तक पौष्टिक भोजन के लिए फूड बैग भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। रायपुर जिले में करीब छह हजार मरीज पंजीकृत हैं, जिन्हें संक्रमण मुक्त करने के लिए निशुल्क दवा उपलब्ध कराई जा रही है।

# ऑफिसर कॉलोनी के वोटर भी रुचि नहीं दिखाए वोटिंग में, इसलिए 870 में 372 ने किया मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर लोकसभा चुनाव में इस बार शहरी क्षेत्र में वोट का प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में कम रहा। मतदाताओं ने वोट करने में ज्यादा रूची नहीं दिखाई। इनमें देवेंद्र नगर ऑफिसर कालोनी के वोटर भी शामिल है। इस कालोनी में 870 वीआईपी वोटर है, लेकिन इनमें से महज 372 ही वोटर वोट देने पहुंचे थे। इससे पता चला कि शहर में चाहे ऑफिसर कालोनी हो या फिर आम लोगों की कालोनी। वोट देने के लिए मतदाता बहुत कम निकले।

विदित हो कि जिले में मतदान शुरू होते ही सुबह से प्रशासन के अधिकारी वोटिंग करके अपने फोटो सोशल मीडिया में शेयर करने लगे थे, जिससे आम वोटर मतदान करने के लिए प्रेरित हों, लेकिन देवेंद्र नगर ऑफिसर्स कॉलोनी के लोग इससे ज्यादा प्रेरित नहीं हुए। यहां के वोटरों के लिए आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया था। इसमें सुबह 8 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक सिर्फ 372 वोटर ही पहुंचे। इससे पहले विधानसभा चुनाव के दौरान भी यहां सिर्फ 354 वोटर ही पहुंचे थे। चौंकाने वाली बात यह है कि ग्रामीण और बस्ती इलाकों के पोलिंग बूथों में वोटिंग का प्रतिशत 80 फीसदी तक रहा है। दूसरी ओर आईएएस और आईपीएस रैंक के अधिकारी व उनके परिवार जहां रहते हैं, वहां 46 प्रतिशत ही मतदान हुआ है।

एक अभियान में बताया था कि शहर में 6 लाख से ज्यादा लोग वोटिंग करने नहीं पहुंचते। इनमें शिक्षित वर्ग के मतदाताओं की संख्या ज्यादा है। देवेंद्र नगर ऑफिसर्स कॉलोनी में ऐसे अधिकारी निवास करते हैं जिन्हें वोटिंग कराने का जिम्मा मिला था। इसके बाद भी अधिकतर अधिकारी वोटिंग करने के लिए नहीं निकले।

केस वापस लेने का दबाव बनाने युवती के पति, परिजनों को झूठे केस में फंसाया

# पुलिस अफसर होने का झांसा देकर प्रेम जाल में फंसाया और रेप, उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोतवाली थाने में दो वर्ष पूर्व दर्ज रिपोर्ट के आधार पर कोर्ट ने रेप के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामले की



सुनवाई विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण पंकज पंकज कुमार सिन्हा की कोर्ट में हुई। केस वापस लेने का दबाव बनाने रेप के आरोपी ने युवती के पति तथा परिजनों को झूठे केस में फंसाकर जेल भिजवाया था। लोक अभियोजक निलेश ठाकुर के मुताबिक कोर्ट ने पीयूश तिवारी को 27 वर्षीय युवती के साथ रेप करने के आरोप में कैद की सजा सुनाई है। पुलिस द्वारा कोर्ट में पेश केस डायरी के मुताबिक युवती ने चार वर्ष पूर्व 3 जनवरी 2020 को पीयूश के खिलाफ थाने में रेप की शिकायत दर्ज कराई थी। रिपोर्ट दर्ज होने के दो वर्ष पूर्व युवती की पीयूश के साथ पहचान हुई थी। तब उसने युवती को अपने आपको डीएसपी होना बताया था। इसके बाद पीयूश ने युवती को शादी करने का झांसा देकर रेप किया। शादी करने का दबाव बनाने पर पीयूश ने इनकार कर दिया।

**परिजनों को झूठे केस में फंसाया**

युवती ने कोर्ट में बताया कि बार-बार परेशान किए जाने की वजह से उसने पीयूश के खिलाफ थाने में रेप की शिकायत दर्ज कराई। इसकी जानकारी मिलने पर पीयूश ने युवती के पति तथा उसके परिजनों के खिलाफ भिलाई तथा मौदहापारा थाने में झूठी एफआईआर दर्ज कराकर जेल भिजवाया। इसके बाद पियूश युवती को उसके पति तथा परिजनों को जमानत दिलाने के नाम पर राजेंद्र नगर स्थित एक होटल में ले गया, वहां उसने युवती को कोल्ड ड्रिंक में नशीली दवा मिलाकर बेहोश कर रेप किया। साथ ही पीयूश से तलाक लेकर अपने साथ रखैल के रूप में रहने दबाव बनाया।

**बचाव के लिए पुलिस को गवाह बनाया**

लोक अभियोजक के मुताबिक रेप के आरोपी ने बचाव के लिए हर तरह के हथकंडे अपनाए। युवती के परिजनों के खिलाफ झूठे केस दर्ज कराने के साथ ही आरोपी ने अपने बचाव के लिए पुलिस को गवाह बनाकर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने साक्ष्य के आधार पर पीयूश के खिलाफ दर्ज अपराध को सही पाते हुए कैद की सजा सुनाई।

**जानकारी जुटाने पर निकला फर्जी पुलिस अफसर**

शादी से इनकार करने पर युवती ने पीयूश के बारे में जानकारी जुटाई, तब उसे पता चला कि पीयूश फर्जी पुलिस अधिकारी है। साथ ही वह पूर्व से विवाहित है। इसके बाद युवती पीयूश के साथ संबंध तोड़कर अपने परिजनों के साथ बिलासपुर चली गई और परिजनों की सहमति से इंदौर के लड़के से शादी कर ली। युवती की शादी होने की जानकारी मिलने पर पीयूश ने युवती पर संबंध बनाने दबाव बनाया। ऐसा नहीं करने पर युवती को उसकी अश्लील वीडियो सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी देने लगा।

# मंत्रालय में नवनियुक्त कर्मचारियों को दी महत्वपूर्ण जानकारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मंत्रालय महानदी भवन में छत्तीसगढ़ मंत्रालयीन सेवा में नवनियुक्त कर्मचारियों के लिए ओरियेंटेशन (प्रशिक्षण) कार्यक्रम का आयोजन सामान्य प्रशासन विभाग के तत्वावधान में किया गया। सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव अन्बलगन पी ने नवनियुक्त कर्मचारियों को मंत्रालयीन कार्य के संबंध महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि, अधिकारी कर्मचारी अपने अच्छे कार्य से प्रगति कर सकते है। उन्होंने कार्य पूरी मेहनत, लगन एवं समपर्ण की भावना से करने के लिए कर्मचारियों को प्रेरित किया। सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव ने कर्मचारियों को प्रशिक्षण के महत्व के संबंध में भी बताया। कार्यक्रम के दौरान मंत्रालयीन अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भी अपने अनुभव के बारे में बताया। कार्यक्रम में मंत्रालयीन कर्मचारी संघ का सहयोग सहरानीय रहा।

# निर्माण कार्य के कारण रेल यात्रियों का सफर दो दिन प्रभावित, नहीं चल रहीं 22 ट्रेनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नागपुर रेल मंडल के इतवारी स्टेशन पर निर्माण कार्य के कारण अगले दो दिन तक छत्तीसगढ़ के रेल यात्रियों की आवाजाही प्रभावित हो गई है। भरी गर्मी के दिन में 22 ट्रेनें नहीं चलने की वजह से यात्रियों को हलाकान होना पड़ रहा है। जिन ट्रेनों को स्थगित किया गया है, वे ज्यादातर लोकल और पैसेंजर ट्रेन हैं।

गर्मी की छुट्टियां मनाने अक्सर लोग अपने रिश्तेदारों के घर जाते हैं, ऐसे लोगों को ट्रेनें नहीं चलने की वजह से दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। लोकल और पैसेंजर ट्रेनों के माध्यम से अपना सफर पूरा करने वालों को बस में ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं अथवा उस रूट में चलने वाली अन्य ट्रेनों में सवार होकर धक्के खाने पड़ रहे हैं। इतवारी अथवा नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेशन में होने वाले एलएचएस पुशिंग की वजह से मई महीने में दो किस्तों में ट्रेनों की आवाजाही को बाधित किया गया है। पहला चरण बुधवार से प्रारंभ हो गया, जो शुक्रवार तक लागू रहेगा। स्थगित होने वाली 22 ट्रेनों में कुछ रायपुर से होकर गुजरती हैं। इस ट्रेन के नहीं चलने के कारण यात्रियों को दूसरा विकल्प तलाशना पड़ रहा है।

## इतवारी स्टेशन पर निर्माण कार्य, ज्यादातर लोकल ट्रेनें

### नहीं चल रही यह रेलगाड़ी

बुध, गुरु और शुक्रवार को डोंगरगढ़-गोंदिया, इतवारी-रामटेक, इतवारी-बालाघाट, इतवारी-तिरोड़ी पैसेंजर स्पेशल ट्रेन आवाजाही नहीं करेगी। इसके साथ ही इतवारी-टाटानगर एक्सप्रेस और नागपुर-शहडोल एक्सप्रेस 8 से 10 मई के बीच रद्द रहेगी। वहीं 9 से 11 मई के बीच गोंदिया-डोंगरगढ़, इतवारी-गोंदिया, इतवारी-रामटेक-इतवारी मेमू पैसेंजर नहीं चलेगी। शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस 9 से 11 मई को रद्द रहेगी।



### गोंदिया-छपरा ने रास्ता बदला

प्रयागराज रेलवे स्टेशन में चल रहे आधुनिकीकरण कार्य की वजह से गोंदिया-छपरा-गोंदिया के बीच संचालित होने वाली ट्रेन को अपना रास्ता बदलना पड़ गया है। यह ट्रेन मानिकपुर-प्रयागराज जंक्शन-प्रयागराज रामबाग-बनारस के स्थान परिवर्तित मार्ग मानिकपुर-प्रयागराज छिवकी जंक्शन-जिवनाथपुर-बनारस जौनपुर जंक्शन होकर चलेगी।

### दोपहर की ट्रेन रात आ रही

एक ओर ट्रेन रद्द हो रही है, वहीं जो चल रही हैं, लेटलतीफी की वजह से उनका भी बुरा हाल है। दोपहर को संचालित होने वाली ट्रेनें रात में रायपुर स्टेशन तक पहुंच रही हैं। हावड़ा जाने वाली आजाद हिंद 24 घंटे लेट यानी दूसरे दिन रायपुर पहुंची। अमृतसर से बिलासपुर के बीच चलने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस करीब 17 घंटे विलंब से पहुंची। यशवंतपुर-बिलासपुर एक्सप्रेस 14 घंटे लेट से आई है।

## खबर संक्षेप



### निर्वाचन कार्य में कुशलता के लिए कर्मचारियों की तारीफ

**आरंग।** एक तरफ शांतिपूर्ण लोकसभा निर्वाचन से प्रशासन ने राहत की सांस ली है। वहीं इस बार चुनाव में स्वीप जागरूकता गतिविधियों के साथ–साथ जागरूकता नारा "मतदाता ही भाग्य विधाता" की मिसाल देखने को मिली। इस बार के चुनाव में जहां मतदाताओं का मतदान बूथ पर तिलक वंदन कर स्वागत किया गया, वहीं महिला व पुरुष मतदाताओं के बैठने के लिए अलग–अलग व्यवस्था, हर मतदान केंद्र पर छांव, गर्मी के प्रकोप से बचने के लिए नीबू पानी, शर्बत एवं मट्ठा, साथ ही दवाईयों के साथ–साथ महिलाओं के लिए सैनिटरी पैड की भी व्यवस्था रही। एसडीएम पुष्पेंद्र शर्मा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत आरंग कुमार सिंह लहरे ने समस्त पंचायत सचिव, कंट्रोल रूम के कर्मचारी, जागरूकता टीम, बूथ लेवल ऑफिसर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आदि सभी के कार्य कुशलता की प्रशंसा की।

### महिला से गाली गलौज

**रायपुर।** भिलाई में मारपीट कर गाली गलौज करने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 294, 323, 34, 506 के तहत कार्रवाई किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि ग्राम जरवाय बजरंग पारा चौक निवासी एमेन्द्र कुमार साहू ने शिकायत किया है कि धनुष ठाकुर पत्नी देवकी साहू को देख मुंह से थूक देता था 8 मई की दोपहर 1.20 बजे घर खाना खाने पहुचा था। इस दौरान आरोपी धनुष ठाकुर ने मुंह में थूक दिया और गाली गलौज कर रहा था। जिसे देख एमेन्द्र ने विरोध करने पर आरोपी धनुष ठाकुर, लक्की, माना ठाकुर के साथ आकर जान से मारने की धमकी देकर पीड़ित से मारपीट किया। घटना में पीड़ित के बांये हाथ, बांये गला, सीना, दाहिने कंधा के पास चोटें आई है।

### शंकराचार्य जयंती समारोह 12 को, सीएम भी होंगे शामिल

**रायपुर।** छग सनातन दशनाम गोस्वामी समाज द्वारा शहीद स्मारक भवन में 12 मई को प्रदेश स्तरीय शंकराचार्य जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में पूजन अर्चन, शोभायात्रा, भोजन प्रसादी, शंकराचार्य जी पर व्याख्यान, अतिथि स्वागत, प्रतिभा सम्मान, युवक युवती परिचय सम्मेलन आदि संपन्न होगा। यह जानकारी कोषाध्यक्ष योगेंद्र पूरी गोस्वामी ने देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे। विशिष्ट अतिथि उप मुख्यमंत्री अरण साव और विजय शर्मा होंगे। विशेष अतिथि के रूप में मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, विधायक मोतीलाल साहू, महंत रामसुंदर दास, उपस्थित होंगे।

### कबाड़ी दुकान से 1.60 लाख का कबाड़ चोरी

**रायपुर।** विधानसभा थाने में एक कबाड़ी दुकान के संचालक ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपनी दुकान से एक लाख 60 हजार रुपए का कबाड़ चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक रवि कुमार पारधी ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। रवि ने पुलिस को बताया कि उसकी एमजीएम अस्पताल के पीछे आमासिवनी में कबाड़ की दुकान है।

### पेज 3 का शेष

### अक्षय तृतीया आज...

आज ही के दिन किसान देवताओं में धान चढ़ाते हैं, इससे यह तय कर लेते हैं कि इस वर्ष कौन सा धान का बीज बोना है। यह तय हो जाता है, बच्चे उत्साह पूर्वक मिट्टी का गुड्डा-गुड्डी का पुतला बनाकर विवाह करायेंगे।

## आमानाका डिपो में 60 ई बस, पंडरी में 40 बसों के लिए बन रहा डिपो

# 100 ई बसों के लिए 16 रूट चिन्हांकित, नए रूट के लिए भी एजेंसी से कराया जाएगा सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मेट्रो सिटी की तर्ज पर राजधानी रायपुर में सुगम पब्लिक ट्रांसपोर्ट की सेवा उपलब्ध कराने शहर में ईको फ्रेंडली बसें चलाई जाएंगी। केन्द्र सरकार की पीएम बस योजना के तहत रायपुर शहर के लिए 100 ई बसें स्वीकृत की गई हैं। भारत सरकार की गाइड लाइन के हिसाब से इन बसों का संचालन सार्वजनिक परिवहन के ढांचे को दुरुस्त करने किया जायेगा। 100 ई बसों के लिए नगर निगम ने 17 रूट चिन्हांकित कर रखा है। इसके साथ ही नए रूट के लिए भी एजेंसी के माध्यम से सर्वे कराया जायेगा।

- बस डिपो के लिए निगम करायेगा सिविल वर्क, बिजली का काम करेगा विद्युत विभाग

दरअसल, प्रधानमंत्री ई बस योजना के तहत छत्तीसगढ़ के 4 शहरों को 240 ई बसों की मंजूरी मिली है। रायपुर, दुर्ग- भिलाई, बिलासपुर और कोरबा को ई बसों के संचालन की स्वीकृति केन्द्र शासन से मिली है। पर्यावरण संरक्षण के साथ लोगों को बेहतर परिवहन की सुविधा देने यह पहल की जा रही है। इस योजना में रायपुर को 100 ई बस, दुर्ग-भिलाई को 50, बिलासपुर को 50 और कोरबा शहर के लिए 40 बसें केन्द्र सरकार खरीद कर देगी। साथ ही इसके संचालन की वित्तीय व्यवस्था भी केन्द्र शासन के माध्यम से की जायेगी। इसमें एक बड़ा हिस्सा संबंधित शहर में बस डिपो जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए खर्च किया जायेगा।



### पंडरी और आमानाका में सिटी बस डिपो

100 ई बसों को रखने के लिए नगर निगम द्वारा पंडरी के पुराना बसस्टैंड और आमानाका में 2 नए सिटी बस डिपो बनाए जा रहे हैं। इनमें से आमानाका में 60 बसें और पंडरी में 40 नई ई बसों को रखने की व्यवस्था रहेगी। साथ ही पंद्रहवें वित्त आयोग से प्राप्त राशि से नगर निगम 10 ई बसों की भी खरीदी कर रहा है। - *विनोद पांडे, अपर आयुक्त, नगर निगम रायपुर*

### ई बसों के लिए 2 जगहों पर सिटी बस डिपो

प्रोजेक्ट के प्रभारी अधिकारी के बताया कि 100 नई ई बसों में से 40 बसों को रखने पंडरी के पुराने बसस्टैंड कैंपस में सिटी बस डिपो बनाने की तैयारी है। इसी तरह आमानाका डिपो में नया सिटी बस डिपो बनाने के लिए इस्टीमेट बनाकर एप्रूवल के लिए केन्द्र सरकार को प्रस्ताव भेज दिया गया है। भारत सरकार की गाइड लाइन के हिसाब से आमानाका और पंडरी में नया सिटी बस डिपो बनेगा। इसके लिए केन्द्र से महीनेभर पूर्व एक टीम पंडरी और आमानाका में प्रस्तावित सिटी बस डिपो स्थल का जायजा लेकर जा चुकी है। बसों की खरीदी एक साथ होगी। आपरेटर तय करने का काम केन्द्रीय स्तर पर होगा। केन्द्र से अनुबंधित बस आपरेटर को नगर निगम प्रति किलोमीटर के हिसाब से राशि का भुगतान करेगा। अनुबंधित आपरेटर बसों का संचालन करेगा। इसके साथ ही मेंटनेंस और बिजली खर्च भी वहन करेगा।

### 17 चिन्हांकित रूट

- रायपुर रेलवे स्टेशन से पंडरी बसस्टैंड, अवंति चौक से मोवा होते जीरो पाइंट विधानसभा, दोंदे, खरोरा।
- रेलवे स्टेशन से फाफाडीह और फाफाडीह से सिलयारी स्टेशन।
- रेलवे स्टेशन से एयरपोर्ट, एयरपोर्ट से टाटीबंध चौक, भिलाई, दुर्ग रेलवे स्टेशन।
- रायपुर रेलवे स्टेशन से तेलघानी नाका, हीरापुर नंदनवन।
- रेलवे स्टेशन से घड़ी चौक, मैग्नेटा मॉल, एमएम फन सिटी, भानसोज।
- रायपुर एम्स हास्पिटल से आमानाका, जयस्तंभ चौक, तेलीबांधा, सेरीखेड़ी, आरंग।
- रेलवे स्टेशन से शास्त्री चौक, आमापारा, कुम्हारी होते अहिवारा।
- रेलवे स्टेशन से घड़ी चौक, माना बस्ती, चंपारण।
- रेलवे स्टेशन से घड़ी चौक पचपेड़ी नाका, अभनपुर।
- रेलवे स्टेशन से तेलीबांधा, मंदिर हसौद, कुरुद, चंदखुरी।
- रेलवे स्टेशन से जेलरोड, घड़ी चौक, गौरवपथ, नेशनल हाईवे 6, जोरा इंटरचेंज नया रायपुर मंत्रालय।
- मंत्रालय डीकेएस भवन गेट नंबर 4 जेलरोड, घड़ी चौक, गौरवपथ, नेशनल हाईवे 6 जीरो इंटरचेंज नया रायपुर मंत्रालय।
- कबीरनगर, हीरापुर चौक, पचपेड़ीनाका, एनएच 43, डूमरतराई, नया रायपुर, मंत्रालय।
- टाटीबंध चौक से डीडीनगर, संतोषीनगर, सेरीखेड़ी, जोरा, इंटरचेंज नया रायपुर मंत्रालय।
- एनएच 43 से नया रायपुर रोड नंबर 2, क्रिकेट स्टेडियम, नया रायपुर।

## आत्मानंद स्कूलों को पीएमश्री में मर्ज करने के फैसले पर उठाया सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल ने बताया कि कांग्रेस सरकार द्वारा स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल वर्ष 2020 में आरंभ किया गया और हिंदी माध्यम स्कूल वर्ष 2022 में आरंभ किया गया। वर्तमान में कुल 751 स्वामी आत्मानंद स्कूल पूरे प्रदेश में संचालित है, जिसमें लगभग पांच लाख बच्चें पंजीकृत है और 14 हजार शिक्षक पदस्थ है। सरकारी हिंदी मीडियम स्थापित स्कूलों को बंद कर उसे स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल बनाया गया। अब स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूलों को बंद कर पीएमश्री स्कूल बनाया जा रहा है, जिसको लेकर अब पैरेंट्स एसोसिएशन ने सरकार की मंशा पर सवाल उठाया है। श्री पॉल ने स्कूल शिक्षा विभाग और डीपीआई को पत्र लिखकर जानकारी सार्वजनिक करने की मांग की है। श्री पॉल का कहना है कि आचार संहिता लगा हुआ है और प्रदेश के 311 स्वामी आत्मानंद स्कूलों को पीएमश्री स्कूल में मर्ज करने पंजीयन कराया जा रहा है, जबकि यह नितिगत निर्णय है और इस प्रकार का कोई निर्णय कैबिनेट की बैठक में कभी लिया ही नहीं गया, बावजूद इसके शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा स्वामी आत्मानंद स्कूलों को पीएमश्री स्कूल में पंजीयन कराया जा रहा है, जो उचित नहीं है।

### इप्टा की बाल व तरूण नाट्य कार्यशाला कल से

**रायपुर।** भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) का 20 दिवसीय ग्रीष्मकालीन बाल एवं तरूण नाट्य कार्यशाला भिलाई में 10 मई से शुरू हो रही है। यह कार्यशाला 30 मई तक चलेगी। इस नाट्य शिविर में इप्टा के अनुभवी कलाकारों द्वारा योग, क्राफ्ट, थिएटर, गायन, चित्रकला, मूर्तिकला, अभिनय, स्क्रिप्ट राइटिंग आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही प्रसिध्द साहित्यकार, कहानीकार, लेखक, व्यंग्यकार, लोक कलाकार और पत्रकारों से रूबरू भी कराया जाएगा, ताकि बच्चों और किशोर का सर्वांगीण विकास हो।

## श्याम बालाजी कॉलेज में रचाया गुड्डा-गुड़िया का विवाह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

श्याम बालाजी महाविद्यालय में दो दिवसीय अक्षय तृतीया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गुड्डे (मिहिर) की शादी गुड़िया (मान्या) के साथ किया गया। कार्यक्रम के पहले दिन 6 मई को हल्दी, संगीत तथा मेहंदी का आयोजन किया गया था। जिसमें छात्र-छात्राओं के साथ महाविद्यालय के सभी स्टॉफ ने भी हिस्सा लिया। तत्पश्चात द्वितीय दिवस में बारात, आशीर्वाद समारोह तथा गुड़िया की विदाई की गई। अक्षय तृतीया को हिंदू धर्म के प्रमुख त्योहारों में से एक माना जाता है। साथ ही इस दिन को सफलता का प्रतीक भी माना जाता है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के संचालक हेमंत चंद्राकर, सचिव तारा चंद्राकर, तथा महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ उपस्थित थे।

## ऑफरों की भरमार के साथ सराफा बाजार अक्षय तृतीया के लिए तैयार

### शादी-ब्याह की खरीदारी से सराफा में भारी उत्साह, बढ़ी रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शादी-ब्याह की खरीदारी को लेकर जिला मुख्यालय के सराफा बाजार में भारी उत्साह और रौनक दिखने लगी है। वहीं सोने-चांदी की खरीदारी के लिए साल के सबसे बड़े मौके अक्षय तृतीया पर ग्राहकों के स्वागत के लिए भी सराफा बाजार तैयार है। इस दिन सोने-चांदी की खरीदारी शुभ माना जाता है। ऐसे में कारोबारी ग्राहकों को लुभाने के लिए बाजार में एक से बढ़कर एक वेडिंग और नए डिजाइन के जेवरों की रेंज लेकर आए हैं।



विशेषकर सोना खरीदना इस दिन सबसे ज्यादा शुभ होता है। इससे धन की प्राप्ति और दान का पुण्य अक्षय बना रहता है। बैशाख शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को अक्षय तृतीया कहा जाता है। इस दिन सूर्य और चंद्रमा दोनों ही अपनी उच्च राशि में स्थित होते हैं और शुभ परिणाम देते हैं। इन दोनों की सम्मिलित कृपा का फल अक्षय होता है। अक्षय तृतीया पर मूल्यवान वस्तुओं की खरीदारी और दान-पुण्य के कार्य भी शुभ माने गए हैं। विशेषकर सोना खरीदना इस दिन सबसे ज्यादा शुभ होता है। इससे धन की प्राप्ति और दान का पुण्य अक्षय बना रहता है। इस साल अक्षय तृतीया का त्योहार शुक्रवार, 10 मई को मनाया जाएगा।

अमन ज्वेलर्स के संचालक अमन जैन सहित अन्य सराफा कारोबारियों की मानें तो सोने-चांदी की बढ़ी कीमतों का भी खरीदारी पर कोई असर नहीं दिख रहा। सोने और ज्वेलरी से प्रेम करने वाले वैसे तो सालभर इसकी खरीद करते हैं। लेकिन, हर साल दो बार ऐसे मौके आते हैं जब सोने की चीजें खरीदना एक तरह से जरूरी जैसा हो जाता है। अक्षय तृतीया और धनतेरस मौकों पर बाजारों में सोना- चांदी खरीदने भारी भीड़ उमड़ती है।

### आधी रात के बाद समापन

इस साल अक्षय तृतीया का त्योहार शुक्रवार, 10 मई को सुबह 4 बजकर 17 मिनट पर आरंभ होगा। इस तृतीया तिथि का समापन 11 मई को सुबह 02 बजकर 50 मिनट पर होगी। उदिया तिथि के चलते अक्षय तृतीया 10 मई को मनाई जाएगी। धार्मिक मान्यता अनुसार इस दिन शुरू किया गया कोई भी कार्य आसानी से संपन्न हो जाता है।

## धान कटाई के भाड़ा को लेकर हुआ विवाद, डंडे से सिर पर वारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

एक दिन पूर्व ग्राम रेवा में हुई युवक की हत्या की गुत्थी पुलिस ने दो घंटे के अंदर सुलझा ली है। लेकिन, इस वारदात में और लोगो के शामिल होने की आशंका है। प्रारंभिक विवेचना में दो आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी संजू देवांगन एवं मृतक महेश दोनों शराबी एवं झगड़ालू प्रवृत्ति के थे। दोनों एक साथ पीते-खाते फिर झगड़ा भी हो जाता था। पुरानी किसी रंजिश व धान कटाई की बकाया राशि की लेन-देन को हादसे का प्रमुख वजह समझा जा रहा है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना में मृत महेश पिता विशाल धृतलहरे एवं आरोपीगण रेवा के समीपस्थ ग्राम सेवाती निवासी हैं। महेश के साथ हुए हादसे की शुरूआत मंगलवार को ग्यारह बजे के आसपास सेवाती-रेवा तिराहे पर उस समय हुई, जब महेश अपने दो साथियों के साथ मोटर सायकल से अपने घर जा रहा था। उसी समय सेवाती के संजू देवांगन जो वहीं हार्वेस्टर से धान काट रहा था। उसने महेश को आवाज देकर रोका तथा धान कटाई की बकाया राशि की मांग की। इस पर दोनों में विवाद होने के बाद मारपीट का रूप ले लिया। संजू ने मोबाइल से अपने साथी अमन देवांगन को बुलाने के बाद महेश के साथी भाग खड़े हुए। अमन के आने के बाद हुई मारपीट से बचने महेश खेतों से होता हुआ रेवा की मरघट्टी के पास जाकर छुप गया। अमन ने उसे वहां छुपा देखकर वहीं पड़े डंडे से पीटना शुरू किया। सिर में लगी चोंट व मार से उसकी मौत हो गई। घटना को छुपाने के लिए उसने शव को जॉक नदी के किनारे एक डोढ़की (नाला नुमा जगह) में गड्ढा खोदकर उसे दफना कर मिट्टी के ऊपर पत्ते की डंगाले डाल दी। बुधवार की सुबह ग्राम रेवा का कोटवार हमेशा की तरह नदी में नहाने जाते समय उक्त स्थल पर नजर पड़ी। गीली मिट्टी से गड्ढे को पटा देख एवं खून देखकर उसे किसी अनहोनी का संदेह होने पर बागबाहरा पुलिस को इसकी सूचना दी। मामले को समझ झगड़े की खबर के आधार पर संदेह को दो घंटे के अंदर ही कोमाखान एवं बुंदेली चौकी पुलिस स्टाफ के साथ आरोपियों को धर दबोचा।

- हत्या कर लाश नदी में दफनाई, पुलिस ने खोद कर निकाली, दो गिरफ्तार



### आत्मानंद स्कूल में प्रवेश प्रक्रिया 13 को

**बसना।** सत्र 2024- 25 के लिए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बसना में प्रवेश प्रक्रिया 10 अप्रैल से प्रारंभ हो गई है। शासन से जारी निर्देश के अनुसार 10 अप्रैल से ऑनलाइन आवेदन लिया जा रहा है। पालक 10 मई तक आवेदन कर सकेंगे। प्रवेश के लिए विकासखंड स्तरीय चयन समिति का गठन किया गया है। जिसके प्रभारी अधिकारी शिक्षा अधिकारी बसना, प्राचार्य सेजेस बसना समन्वयक, संकुल समन्वयक सदस्य, (दो पालक जो शासकीय सेवा में हों) वारिश कुमार, महेश देवांगन पालक सदस्य, एचके दास प्रधान पाठक माध्यमिक, एचआर साव प्रधान पाठक प्राथमिक को चयन समिति बनाया गया है। कक्षा पहली से कक्षा पांचवीं तक के प्रवेश प्रभारी एचआर साव प्रधान पाठक (प्राथमिक विभाग),कक्षा छठवीं से कक्षा आठवीं तक प्रवेश प्रभारी एचके दास प्रधान पाठक (माध्यमिक विभाग) तथा कक्षा नवमी से कक्षा बारहवीं तक प्रवेश प्रभारी एके शर्मा व्याख्याता होंगे।

Health Town
डॉ. टाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक | इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना। प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

**खबर संक्षेप**




## 100 वर्षीय बुजुर्ग ने किया मतदान

**पलारी।** लोकसभा चुनाव में मंगलवार को 100 वर्षीय बुजुर्ग व समाज सेवक घासीराम साहू नगर पंचायत रोहांसी ने बूथ क्र. 249 में मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लिया। मतदान करने के बाद बुजुर्ग ने सेल्फी जोन पर फोटो भी खिंचवाई तथा लोगों मतदान के लिए जागरुक करते रहे।

## अब तक नहीं मिला बैकलॉग फ्री सर्टिफिकेट

**रायपुर।** मोतियाबिंद फ्री स्टेट अभियान के तहत चिन्हित मरीजों के मोतियाबिंद की सर्जरी करने के बाद भी रायपुर समेत कई जिलों को बैकलॉग सर्टिफिकेट जारी नहीं किया गया है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से करीब डेढ़ साल पहले इसका प्रस्ताव भेजा जा चुका है। छत्तीसगढ़ ने मोतियाबिंद की सर्जरी के लिए ब्लाक स्तर पर इस अभियान की शुरुआत की थी और सफलता को देखते हुए इसे जिला स्तर पर लागू किया था।छत्तीसगढ़ में सबसे पहले कवर्धा जिले ने बैकलॉग फ्री होने का दावा किया इसके बाद रायपुर, बलौदाबाजार, राजनांदगांव, रायगढ़, बालोद, धमतरी, दुर्ग और कोरबा की ओर से इस मामले में दावे आए थे।

## स्वास्थ्य केंद्रों में फिर खाली हुए लू वार्ड

**रायपुर।** मौसम के उतार-चढ़ाव की वजह से राज्य में गर्मी अपना लंबे समय तक नहीं दिखा पाई है। इसकी वजह से जिला अस्पताल सहित विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में बनाए गए लू वार्ड एक बार फिर वीरान हो चुका है। रायपुर में अधिकतम तापमान 44 डिग्री तक नहीं पहुंचा है। इसके साथ ही गर्मी से बचाव के लिए भी लोग जागरूक हो चुके है इसकी वजह से लू जैसी शिकायतें काफी कम संख्या में सामने आते हैं। चिकित्सकों की माने तो अभी मई के बड़े दिन शेष है इसके अलावा जून के पहले पखवाड़े में भी गर्मी अपना असर दिखाती है इसलिए सावधानी बरतना जरूरी है।

## कमल विहार में भव्य उद्घाटन कार्यक्रम 12 मई को

**रायपुर।** आर्ट ऑफ लिविंग रायपुर परिवार रायपुर द्वारा गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर के जन्मदिन के पूर्व संध्या 12 मई को कमल विहार ज्ञान क्षेत्र सी-4 सेक्टर का उदघाटन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में रायपुर सहित छत्तीसगढ़ वासियों शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी संस्था के पदाधिकारियों ने देते हुए बताया कि 12 मई को सुबह 8 बजे वास्तु और गणेश होमा, सुबह 11 बजे उद्घाटन कार्यक्रम एवं दोपहर में भोजन का कार्यक्रम होगा। इसके अलावा गुरुदेव के जन्मदिन के पूर्व संध्या 12 मई को मुक्ताकाशी मंच घड़ी चौक में शाम 7:15 सामूहिक पूजा के बाद शाम 7:45 में प्रसिद्ध भजन गायक प्रवीण मेहता बैंगलोर आश्रम द्वारा सुरमयी संगीत की सुमेरु संध्या का आयोजन रहा है। इसी कडी में 13 मई को सुबह सुदर्शन क्रिया ज्ञान क्षेत्र रायपुर में तथा आयुष होमा का आयोजन एवं दोपहर में हनुमान मंदिर मोतीबाग के समीप चन्ना, छाछ वितरण कार्यक्रम होगा।

**निधन**

## नरेंद्र कुमार वर्मा



**सुहेला।** समीपस्थ ग्राम चंडी के नरेंद्र कुमार वर्मा 45 वर्ष का बीते दिवस निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार विशिष्टजनों की उपस्थिति में गृहग्राम के शमशान घाट में किया गया। वे लखन लाल वर्मा के पुत्र, ईश्वरी वर्मा के पति तथा हिमांशु व सागर वर्मा के पिता थे।

**रिजल्ट :** अधिकांश स्कूलों का शत-प्रतिशत रहा परिणाम, छात्रों में उत्साह

# उत्तीर्ण छात्रों को कलेक्टर और डीईओ ने दी शाबाशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दसवी और बारहवी बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषणा पर कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू और जिला शिक्षा अधिकारी एसएन भगत ने सभी बच्चों के प्रति स्नेह प्रकट किया है।



कलेक्टर साहू और डीईओ भगत ने अपने संदेश में कहा है कि जिले में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई। ऐसे ही भविष्य में भी इस प्रकार से निरंतर आगे बढ़ते रहे। साथ ही वे सभी विद्यार्थी जो कम अंकों के साथ पास हुए या किसी कारण से अनुत्तीर्ण हुए है, वे पुनः अच्छी तैयारी करें। कोई निराश न हो। हमेशा ध्यान रखे कि कड़ी मेहनत से सफलता प्राप्त होती है। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी प्राचार्य एवं शिक्षक को निर्देश दिया है कि वे अपने विद्यार्थी एवं उनके पालकों से समन्वयक स्थापित कर बच्चों को मानसिक रूप से संबल प्रदान करें।

## बरदा हाई स्कूल का परिणाम उत्कृष्ट, मनीषा को मिला प्रथम स्थान

मुंडा। ग्राम पंचायत बरदा हाई स्कूल के छात्र–छात्राओं ने अच्छी लगन से पढ़ाई कर स्कूल का नाम रोशन किया है। कक्षा दसवीं की छात्र कुमारी मनीष यादव ने 92.5 प्रतिशत लॉकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरा स्थान तरुण वर्मा 88.83 प्रतिशत, तीसरा शुभम वर्मा 85.33 प्रतिशत, चौथ सुमित वर्मा 84.16 प्रतिशत, पांचवा भारती यादव 74.83 प्रतिशत, छठवा खिलेश्वरी कुर्रे 73.5 प्रतिशत, सांतवा लवली चेलक 72.5 प्रतिशत, आठव पूर्णिमा वर्मा 72 प्रतिशत, नवम देवव्रत वर्मा 69.83 प्रतिशत और दसवां स्थान भूपेंद्र वर्मा 69 प्रतिशत प्राप्त किया। स्कूल प्रबंधन ने उत्तीर्ण सभी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।





## सशिमं का बोर्ड परीक्षा परिणाम रहा श्रेष्ठ

भाटापारा। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरजपुरा रोड भाटापारा में माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड परीक्षा परिणाम श्रेष्ठ रहा। कक्षा दशम की परीक्षा में 43 प्रतिभागी रहे, जिसमें 75 प्रतिशत उत्तीर्ण हुए। 29 प्रथम श्रेणी, 3 द्वितीय श्रेणी, 1 तृतीय श्रेणी व 3 को पूरक मिली है। प्रथम स्थान पर मुस्कान साहू 89.5%, द्वितीय स्थान पर नीलकमल साहू 87%, तृतीय स्थान पर कुलदीप चतुर्वेदी 84 %, चतुर्थ स्थान पर तुलसी साहू 82.8%,पांचवें स्थान पर प्रिंसी साहू 79.5% रही। कक्षा द्वादश का परिणाम 96% रहा । 52 प्रतिभागियों में प्रथम श्रेणी में 19, द्वितीय श्रेणी 30 तृतीय श्रेणी 1 व पूरक 1 को मिली, जिसमें हर्ष साहू 92% प्रथम, पलक शुक्ला 77.8% द्वितीय, आशीष सोनी 76.8% तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं नगर को गौरवान्वित किया। उक्त जानकारी विद्यालय के प्रचार प्रसार प्रमुख मालिक राम वर्मा आचार्य ने दी। प्राचार्य टेकराम वर्मा एवं व्यवस्थापक अनिल जैन ने सभी छात्रों को सफलता के लिए शुभकामनाएं एवं आचार्यों को किए गए प्रयासों पर बधाई दी। साथ ही किसी कारण से सफल नहीं हो पाने वाले छात्रों को निराश न होकर पुनः प्रयास कर सफलता प्राप्त करने की सलाह दी।

## मुस्कान को दसवीं में मिले 93 प्रतिशत अंक



**पलारी।** गुरुवार को बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित हुए हैं, जिसमें बालिकाओं ने बाजी मारी है। पलारी स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पलारी में कक्षा दसवीं में अध्ययनरत मुस्कान बंजारे ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में 93 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम श्रेणी हासिल की। उन्हें सभी विषयों में 90 से 98 तक अंक मिले हैं। मुस्कान बंजारे गोड़ा के प्र प्राचार्य मोहन बंजारे एवं पलारी नगर पंचायत वार्ड नं 7 के पार्षद पुष्पा बंजारे की पुत्री हैं।

## स्कूल टापर बनी प्रतिभा दीवान



मुड़पार-सरसींवां। सरस्वती शिशु मंदिर सरसींवां में अध्ययनरत छात्रा प्रतिभा दीवान ने कक्षा 10वी में 94.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर सरसीवा अंचल को गौरवान्वित किया है। वह धनेश्वर धर दीवान एवं स्व.भविता दीवान की पुत्री और प्रकाश धर दीवान की भतीजी हैं। अपनी इस सफलता का श्रेय उन्होंने समस्त आचार्य, परिवार के सदस्यों

## 10वीं में शुभम व 12वीं में गोपाल वर्मा प्रथम स्थान पर



बंगोली। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बगोली का कक्षा 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। कक्षा 12वीं की कुल दर्ज संख्या 45, जिसमें 30 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी 14 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। शाला में प्रथम स्थान गोपाल कुमार वर्मा 84.2 प्रतिशत, द्वितीय स्थान प्रिया वर्मा 79.80 प्रतिशत, तृतीय स्थान रितु खुटे 78.4 प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं में कुल दर्ज संख्या 85 विद्यार्थी, जिसमें 56 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। प्रथम स्थान शुभम वर्मा 85.16 प्रतिशत द्वितीय स्थान हिमांशु वर्मा 84.50 प्रतिशत, तृतीय स्थान रमा साहू 82.83 प्रतिशत से उत्तीर्ण हुए। शाला में 10वीं का परीक्षा परिणाम 88.15 प्रतिशत एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम 97.77 प्रतिशत रहा। समस्त बच्चों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम लाने के लिए प्राचार्य विजय कुमार ध्रुव एवं तोकसिद्ध वर्मा द्वारा बधाई दी गई।

## ज्ञानोदय में लड़कियों ने मारी बाजी

**हिरमी-रावन।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर ने कक्षा दसवीं और कक्षा 12 वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित किया। ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिरमी में कक्षा दसवीं से राजेश्वरी कोसले 94.33 प्रतिशत प्रथम स्थान, हर्षवर्धन अनंत 92 प्रतिशत द्वितीय स्थान पर रही। कक्षा 12वीं में नेहा धीवर 89.8 प्रतिशत प्रथम स्थान, वैभवरानी धीवर 84.2 प्रतिशत प्राप्त किया। इसमें शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2010 निशुल्क शिक्षा के तहत ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिरमी में अध्ययन कर रही छात्र प्रज्ञा मढ़रिया ने कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में 500 पूर्णांक में 375 अंक प्राप्त कर 75 प्रतिशत के साथ कक्षा में दसवां स्थान प्राप्त की। प्रज्ञा मढ़रिया पिता दिलेश्वर मढ़रिया ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के गुरुजनों और माता–पिता को दिए। प्राचार्य पीआर वर्मा ने कहा हमारे संस्था एवं समाज के लिए गौरव की बात है कि विद्यालय की छात्रा ने गांव समाज के साथ परिवार का मान बढ़ाया है।



- 10 वीं में राजेश्वरी कोसले और 12 वीं में नेहा धीवर प्रथम

## चमचमाती धूप में खिलखिलाया गुलमोहर ...



**मुंडा।** अंचल में ग्रीष्मकालीन मौसम में प्राकृतिक सौंदर्य का जगह–जगह खूबसूरत नजारा देखने को मिल रहा है। ऐसा ही मनमोहक गुलमोहर राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 130 बी में मेन रोड पर स्थित आदर्श ग्राम पंचायत मुंडा में तपती धूप में दिखाई पड़ रहा है। तपती धूप में खिले गुलमोहर के फूल मानो यही संदेश दे रहा है कि ग्रीष्मकालीन के बाद तपती धूप से निजात बारिश के रूप में जल्दी देखने को मिलेगी। वहीं खूबसूरत नजारा अंचल में कई जगह देखने को मिल रहा है और मनमोहन रूप से खूबसूरत लग रहा है।

# शांतिपूर्ण मतदान के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कर्मियों, संगठनों और मतदाताओं के प्रति जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने प्रदेश में लोकसभा आम निर्वाचन–2024 में अपनी सहभागिता प्रदान करने वाले सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, शासकीय एवं अशासकीय संगठनों, लोकसेवी संस्थाओं और मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग किया और लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी सहभागिता दी। उन्होंने निर्वाचन कार्य में संलग्न एवं नियोजित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

- मतदान प्रतिशत में हुई 1.31 प्रतिशत की बढ़ोतरी, 72 .8 प्रतिशत हुआ मतदान



कंगाले ने केन्द्रीय सुरक्षा बलों और राज्य पुलिस बल के प्रति भी आभार व्यक्त किया है, जिन्होंने स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन कराने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। उन्होंने प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया के सभी पत्रकारों के प्रति आभार व्यक्त किया जिन्होंने आम निर्वाचन के दौरान निर्वाचन से संबंधित महत्वपूर्ण दिशा–निर्देशों एवं निर्वाचन गतिविधियों के प्रभावी प्रचार–प्रसार के साथ ही मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित किया।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती कंगाले ने मतदाताओं को जागरुक और मतदान के लिए प्रेरित करने वाले सभी लोगों, शासकीय एवं गैर शासकीय प्रतिभागियों, विभिन्न लोक सेवी संस्थाओं और संगठनों के प्रति भी आभार व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में इस बार लोकसभा चुनाव के मतदान प्रतिशत में 1.31 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। प्रदेश में लोकसभा आम निर्वाचन–2024 के लिए तीन चरणों में हुए मतदान में यहां के कुल 72.8 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यह प्रदेश में हुए अब तक के लोकसभा चुनावों में मतदान का सर्वाधिक प्रतिशत है।

# ग्रामीणों के साथ बच्चे पवित्र स्थल से मिट्टी लेकर पहुंचे और मड़वा पंडाल गड़कर किया दस्तूर शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भवानीपुर

ग्राम खपरी भ में छोटे–छोटे बच्चों द्वारा अक्षय तृतीया पर गुड्डा गुड्डी का विवाह कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें गांव के बुजुर्गों का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने छोटे–छोटे बच्चों को सहयोग प्रदान करते हुए उनके विवाह कार्यक्रम में शामिल होकर गांजे बाजे के साथ नाचते गाते सभी एक साथ मिलजुल कर गांव के पवित्र स्थल से मिट्टी लेकर पहुंचे और मड़वा पंडाल गड़कर तेल हल्दी का नेग करते हुए रीति रिवाज के साथ देखने को मिला, जिसमें गांव के प्रमुख व्यक्तियों को भोजन पानी अन्य व्यवस्था छोटे–छोटे बच्चे द्वारा किया गया था, जो आकर्षण का केंद्र बना था।



गांव के उपसरपंच मुकेश झा ने कहा कि आज छोटे–छोटे बच्चों द्वारा जो यह आयोजन रखा गया है, जो सराहनीय रहा। बच्चें हमारी सनातन धर्म की रीति रिवाज को बरकरार रखेंगे जो आने वाला कल सुनहरा रहेगा। इस अवसर पर गीतु ध्रुव, मोना ध्रुव, गूंजा, अंकिता, गंगाबाई, सावित्री ध्रुव, डेमो, लीला, बुगला, जानकी, राजो, रमसीला, दिब्या, बुगला, रेशमा, लक्ष्मी गूंजा, कुन्ती बाई, संतोष कुमार, दाऊलाल, हीरालाल, आधारी, रायसिंह, नारायण ध्रुव, नरसिंह, बिर सिंह निषाद शहीद गांव के लोग उपस्थित थे।

# निर्माणाधीन सड़क पर लग रहा घंटों जाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

चन्द्रपुर में यातायात इतना खराब है कि प्रतिदिन शाम 6 बजे से मां चन्द्रहासिनी मंदिर के गेट से लेकर पुलिस थाना चन्द्रपुर तक सड़क निर्माण कार्य होने के कारण एक किलोमीटर पार करने के लिए एक घंटा का समय लगता है। एक तरफ गाड़ी को पार करने में एक घंटा का इंतजार करना पड़ रहा है, ऐसी स्थिति में किसी एंबुलेंस से मरीज की जान भी जा सकती है। ऐसी स्थिति मालवाहक गाड़ियों के कारण बन रही है, जिसके कारण सामान्य वाहन जैसे कार, बस और अतिआवश्यक एंबुलेंस का आना जाना दूभर हो गया है। इस स्थिति का निराकरण रायगढ़, सक्ती और सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के थाना पुलिस और यातायात पुलिस के संयुक्त समन्वय और ड्यूटी से संभव है। सरसींवा से रायगढ़ जाने वाले मालवाहक को व्हाया डभरा चंद्रपुर बायपास से जाना होगा। इसी प्रकार सरायपाली से रायगढ़ जाने वाले मालवाहक को व्हाया सरिया पुसौर रायगढ़ जाना होगा। ठीक ऐसे ही रायगढ़ से आने वाले मालवाहक को सरसींवा के रास्ते बिलासपुर और रायपुर जाने के लिए व्हाया चन्द्रपुर बायपास, डभरा, सरसींवा होते जाना होगा। इसी प्रकार सरायपाली के रास्ते रायपुर जाने वाले के लिए रायगढ़ से पुसौर व्हाया सरिया होकर सरायपाली जाना होगा।

# भागवत महापुराण कथा के समापन पर लगा आम भंडारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम खरोरा में स्व. मनीष कन्नौजै की स्मृति में श्रीमद भागवत महापुराण कथा आयोजन किया गया। कथावाचक पंडित कुलभूषण तिवारी ने कहा कि गीता का सार है, जो महाभारत युद्ध के समय रणभूमि में भगवान कृष्ण ने अर्जुन को जो ज्ञान दिया था वह गीता में बताया गया है।



गीता में ऐसी बहुत सी बातें हैं जो मनुष्य को जीवन की कई कठिनाइयों को आसान बनाती है। इतना ही नहीं गीता पढ़ने पर मनुष्य को बहुत सी नई जानकारियां भी मिलती है। साथ ही हर अध्याय के नियमित पाठ का अपना लाभ और महत्व है। भगवान शिव ने देवी पार्वती को गीता के पहले अध्याय के पाठ का महत्व जो बताया है वही यहां आपके लिए प्रस्तुत है। लेकिन, गीता के पहले अध्याय के महत्व को जानने से पहले जान लीजिए। गीता के पहले अध्याय का नाम अर्जुन विषाद योग है। इस अध्याय में कुरुक्षेत्र के मैदान में उपस्थित बंधुओं और संबंधियों को सामने देखकर अर्जुन के मन में उठे विषाद और मनःस्थिति का वर्णन किया गया है, जिसे संजय धृतराष्ट्र को बताते हैं।

एक समय में पार्वती ने महादेव से पूछा किस ज्ञान के बल पर संसार के सब लोग आपको शिव कहकर पूजते हैं। मृगछाला ओढ़े और अपने सभी अंगों में श्मशान की विभूति लगाएं, गले में सर्प और नर मुंडों की माला पहने हुए हो। इनमें तो कोई भी पवित्र नहीं, फिर आप किस ज्ञान से पवित्र माने जाते हैं? तब महादेव ने उत्तर दिया कि मैं गीता ज्ञान को अपने हृदय में धारण करने से पवित्र माना जाता हूं। इस ज्ञान से मुझे बाहर के कर्म नहीं व्यापते। तब पार्वती ने कहा कि हे भगवान जिस गीता ज्ञान की आप ऐसी स्तुति करते हैं, उसके श्रवण करने से कोई कृतार्थ भी हुआ है। श्रीमद भागवत कथा समापन पर श्रद्धालुओं के लिए भंडारा प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में गोकुल सोनकुमारी कन्नौजे, रामेश्वरी कन्नौजे, जय विजय कन्नौजे, फणीश्वर कन्नौजे, आरती कन्नौजे, क्रांति कन्नौजे, शीला कन्नौजे, कमलेश कन्नौजे, कलिन्दरी कन्नौजे, लक्ष्मी कन्नौजे, शकुन कन्नौजे, तुषार कन्नौजे, विधान कन्नौजे, पोषण कन्नौजे, हेमलता कन्नौजे, हरिशंकर कन्नौजे आदि मौजूद रहे।

